# वागड़ संदेश

Titel Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-138 सागवाड़ा, मंगलवार, 18 जनवरी, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## डूंगरपुर में 96 नए कोरोना पॉजिटिव केस

### 15 दिन में 990 मरीज में से 286 मरीज रिकवर

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर में आज 96 नए कोरोना पॉजिटिव केस आए है। शहर के साथ अब गांवों में भी कोरोना फैलने लगा हैं। 15 दिन में 990 केस मिले हैं। अब तक 286 मरीज रिकवर हुए है। डूंगरपुर में कोरोना मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। राहत की बात है कि रिकवर होने वाले मरीजों की संख्या में भी उतना ही इजाफा हो रहा है। सीएमएचओ डॉ. पंकज कुमार खांट ने बताया कि आज 96 नए पॉजिटिव केस आए हैं। मेडिकल कॉलेज के आईएलआई ओपीडी से सबसे ज्यादा केस आए है। शहर के हाउसिंग बोर्ड, शास्त्री कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, रामनगर, प्रतापनगर, आदर्शनगर कॉलोनियों से भी लोग संक्रमित मिले हैं। कोरोना के बीच दिन-रात लोगों की सुरक्षा में जुटे पुलिस के अधिकारियों और जवानों के भी मंगलवार को सैंपल लिए गए। सीएमएचओ ने बताया कि एसपी ऑफिस में सैंपल के लिए कैंप लगाकर 69 सैंपल लिए है। डूंगरपुर आईटीआई से भी इंजीनियरिंग छात्र-छात्राओं के सैंपल लिए गए है।

## डेढ़ साल के बच्चे के पिता ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

### कारणों का नहीं हुआ खुलासा, पुलिस कर रही मामले की जांच

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के सरकन साईं गांव में डेढ़ साल के बच्चे के पिता ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । घटना के समय मृतक घर पर अकेला था इधर आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है । पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

सदर थाने के सीआई हजारीलाल मीणा ने बताया की सरकन साईं गाँव निवासी गोविन्द रोत ने रिपोर्ट देकर बताया की कल शाम को गोविन्द व उसके परिवार के लोग उसकी बहन के घर रागेला मेहमान गए थे । घर पर उसका छोटा भाई दीपक उसकी पत्नी संगीता, डेढ़ साल का बच्चा और उसकी मां मौजूद थे । इस दौरान दीपक घर के अन्दर था और उसकी पत्नी, मां व बच्चा घर के बाहर थे । वही जब माँ ने दीपक को चाय पीने के लिए घर के बाहर बुलाया तो वह काफी देर तक बाहर नहीं आया जिस पर माँ ने घर के अन्दर जाकर देखा तो दीपक घर के अन्दर रस्सी से फंदे से लटका हुआ था । जिस पर कुल्हाड़ी से उन्होंने रस्सी को काटा और दीपक को नीचे उतारा लेकिन तब तक दीपक की मौत हो चुकी थी । घटना की सुचना पर ग्रामीण एकत्रित हो गए । वही मामले की जानकारी सदर थाना पुलिस को दी गई । सुचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया । वही आज सुबह पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया । फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । इधर दीपक की मौत के बाद उसके डेढ़ साल एक बच्चे के सिर से पिता का साया उठ गया है ।

## गड़ाजसराजपुर में सर्व समाज टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**गलियाकोट।** गड़ाजसराजपुर के रामोर खेल मैदान में कोरोना प्रोटोकॉल की पालना करते हूए सर्व समाज टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। खेल प्रतिनिधि राकेश बरंडा, प्रकाश बुझ ने बताया की प्रतियोगिता का उद्घाटन सरपंच दिनेश डिंडोर उपसरपंच हामिद हूसेन, पूर्व उपसरपंच लक्ष्मीशंकर पाटीदार,वार्डपंच मोहन बुझ व धनेश्वर पाटीदार अतिथियों में शुभारंभ हूआ। प्रतियोगिता में सर्व समाज की टीमें भाग ले रही है अतिथियों के द्वारा खिलाडीयो के उत्साह वर्धन के अयोजक कमेटी को पारितोशिक के रूप में राशि प्रदान की गई।

इस अवसर पर आयोजन कमेटी की ओर से अभिषेक व पिलेश बुझ मोजुद रहे।

## झुंझुनूं कलेक्टर पहले ही दिन एक्शन में

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुड़ी पहले दिन ही एक्शन में नजर आए। उन्होंने कर्मचारियों को संदेश दिया कि किसी परिवादी और जरूरतमंद की परेशानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वे पारदर्शिता के साथ काम करेंगे और कोशिश करेंगे कि फरियाद लेकर आने वाला कोई भी व्यक्ति निराश होकर नहीं लौटे। सरकारी योजनाओं का जरूरतमंद को लाभ मिले। उन्होंने कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि बिना वजह काम के लिए किसी को चक्कर कटवाए तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संबन्धित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई होगी। कर्मचारियों से कहा एक दिन में होने वाले काम को एक ही दिन में पूरा कर दो, किसी को बिना वजह चक्कर मत लगवाओ। जिला कलेक्टर कुड़ी ऑफिस आते ही एडीएम जेपी गौड़ को साथ लेकर अचानक ही कलेक्ट्रेट के सेक्शनों में पहुंच गए। उन्होंने कर्मचारियों से उनकी परेशानी जानी। उन्होंने कहा कोई व्यक्ति अपनी समस्या लेकर जिला मुख्यालय पर आता है तो उसका काम होना चाहिए। किसी भी सेक्शन में कोई पेंडिंग काम नहीं हो। उन्होंने एडीएम से काम की लगातार मॉनिटरिंग करने का कहा। कर्मचारियों से कहा कि बिना वजह किसी भी व्यक्ति को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## देश में 157 करोड़ वैक्सीनेशन का गौरवशाली लक्ष्यः पुनीत कर्णावट

**जयपुर।** ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट के प्रयासों से आज बगरू विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नं 110 में निःशुल्क वैक्सिनेशन कैम्प आयोजित किया गया जिसमें 498 लोगों ने कोरोना का टीका लगवाया। पुनीत कर्णावट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश वैश्विक महामारी कोरोना के खिलाफ जंग लड़ रहा है। देशवासियों ने प्रधानमंत्री मोदी जी में विश्वास व सहयोग करते हुए 157 करोड़ टीकाकरण का गौरवशाली लक्ष्य हासिल किया है।

## वीकेंड कर्फ्यू के दिन शादियां, परेशानियों से बचने के लिए पालिकाध्यक्ष को दिया ज्ञापन



**सागवाड़ा।** कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिए सरकार ने रविवार को वीकेंड कर्फ्यू घोषित कर रखा है वही इस रविवार 23 जनवरी शादियों की धूम है। 23 जनवरी को जिन परिवारों में शादियां है उनकी परेशानी बढ़ गई है। इसी परेशानी को देखते हुए आदिवासी समाज के लोगों ने नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया और उपाध्यक्ष राजुमामा शेख को ज्ञापन सौंप कर वीकेंड कर्फ्यू में राहत दिलाने की मांग की है। सागवाड़ा आदिवासी समाज के अध्यक्ष मोहन भगोरा, पूर्व पार्षद शंकर वडियों का डूंगरा, कांतू भागरिया, प्रताप बेहनिया, पार्षद जवाहर, इंद्रजीत मकवाना, डायालाल ने ज्ञापन में बताया कि रविवार को समाज में बहुत शादियां है और कोरोना गाइड लाइन अनुसार वीकेंड कर्फ्यू रहता है। रात को बिनोले में भी बाराती रहेंगे। शादियों में प्रशासन से राहत दिलाने की मांग की है। इस संबंध में पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने कहां कि शादियों में राहत दिलाने को लेकर पुलिस प्रशासन से चर्चा की जाएगी।

## उत्तर प्रदेश चुनाव जीतना पीएम मोदी की पहली प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी अगले हफ्ते से हर दिन वर्चुअल रैली कर सकते है। वे सबसे अधिक समय यूपी को देंगे। मिली जानकारी के मुताबिक़, 22 जनवरी के बाद से वे चुनाव प्रचार शुरू कर देंगे। चुनाव आयोग ने 23 जनवरी तक रैली और रोड शो पर रोक लगा रखा है। ऐसे हालात में चुनाव प्रचार कैसे हो? इस बात को लेकर भाजपा के सीनियर नेताओं की बैठक हुई। जिसमें तय हुआ कि पीएम मोदी कम से कम हर दूसरे दिन वर्चुअल तरीक़े से यूपी की जनता से जुड़ेंगे। वे कभी किसानों से संवाद करेंगे तो कभी ग़रीबों से तो कभी किसी ख़ास इलाक़े के लोगों से। केंद्र और यूपी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जिन लोगों को फ़ायदा हुआ है, पीएम मोदी बारी बारी से उनसे भी संवाद करेंगे। किसी दिन वे किसान सम्मान निधि लेने वालों को संबोधित करेंगे तो किसी दिन फ़्री राशन लेने वालों से। कुछ वर्चुअल कार्यक्रमों में वे लोगों के सवालों भी लेंगे और



उसका जवाब भी देंगे। बंगाल चुनाव में कोविड के बढ़ते मामलों के बीच भी भाजपा का चुनाव प्रचार जारी रहा लेकिन यूपी चुनाव को लेकर पार्टी ने अपनी रणनीति बदल ली है। पीएम नरेंद्र मोदी के वर्चुअल रैलियों के लिए भाजपा ने 403 LED वैन बनाए हैं। इन वैन से लोग इस बार पीएम मोदी से सीधा संवाद कर सकते हैं। इससे ये मैसेज जाएगा कि मोदी सीधे जनता से जुड़े हुए है। यूपी में विधानसभा की 403 सीटें है। हर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक LED वैन रहेगा। यूपी में भाजपा ने 27, 700 शक्ति केंद्र बनाए है। इन सभी केंद्रों पर पीएम मोदी की वर्चुअल रैली के लिए एक एक LED टीवी लगाने की तैयारी है। जिससे लोग एक जगह इकट्ठा होकर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए भाषण देख और सुन सकें। रैलियों पर चुनाव आयोग की रोक जारी रही तो प्रचार कैसे करें, इसके लिए भाजपा ने पूरा ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है।

> **पीएम नरेंद्र मोदी के वर्चुअल रैलियों के लिए भाजपा ने 403 LED वैन बनाए हैं। इन वैन से लोग इस बार पीएम मोदी से सीधा संवाद कर सकते हैं। इससे ये मैसेज जाएगा कि मोदी सीधे जनता से जुड़े हुए है। यूपी में विधानसभा की 403 सीटें है। हर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक LED वैन रहेगा। यूपी में भाजपा ने 27, 700 शक्ति केंद्र बनाए है। इन सभी केंद्रों पर पीएम मोदी की वर्चुअल रैली के लिए एक एक LED टीवी लगाने की तैयारी है। जिससे लोग एक जगह इकट्ठा होकर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए भाषण देख और सुन सकें।**

## राजस्थान में 3 दिन बाद बारिश का अलर्ट

**जयपुर।** राजस्थान में शीतलहर और कोहरे से राहत मिली नहीं कि तीन दिन बाद एक सिस्टम फिर से सक्रिय हो रहा है। मौसम विभाग ने 21-22 जनवरी को प्रदेश में बारिश की संभावना जताई है। बारिश से सर्दी और कोहरे का असर और बढ़ जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक 21 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा संभाग व पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर एवं जोधपुर संभाग के जिलों में बारिश होगी। दिन में तेज ठंड और घने कोहरे की स्थिति भी 48 घंटे तक बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से जयपुर जिले में बारिश होने की संभावना है।

## 24 से 26 जनवरी एकरूपता के रंग की रोशनी से रोशन होंगी सरकारी इमारतें : जिला कलक्टर



**जयपुर।** जिला कलक्टर राजन विशाल ने पदग्रहण के दूसरे दिन मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस-2022) पर सवाई मानसिंह स्टेडियम में हो रहे राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों के संबंध में चिकित्सा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम ग्रेटर व हेरिटेज, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पुलिस विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।

राजन विशाल ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को सवाई मानसिंह स्टेडियम के सभी एन्ट्री पोईन्ट्स पर थर्मल स्कैनिंग की एवं सिटिंग पोईन्ट्स पर सैनेटाइजर विद डिस्पेंसिंग स्टेण्डस की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था करने, कोरोना वॉरियर्स को निर्धारित गणवेश में आरक्षित ब्लॉक में बिठाने की व्यवस्था के साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि सभी कोरोना वॉरियर्स को वैक्सीन लग चुकी हो।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मुख्य समारोह स्थल पर टेन्ट, शामियाना (वाटरप्रुफ) साउण्ड सिस्टम, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, ध्वजा रोहण आदि की व्यवस्था के निर्देश दिये गये।

## सूचना में कोताही,तीन अफसरों पर जुर्माना

**जयपुर।** राज्य सूचना आयोग ने सूचना उपलब्ध कराने में ढिलाई बरतने पर तीन अलग अलग मामलों में तीन अधिकारियों पर पांच पांच हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। इनमे दो अफसर चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग से है जबकि एक विकास अधिकारी है। आयोग ने निर्देश दिया है कि जुर्माने की यह राशि उनके वेतन से वसूल की जाये।

साथ ही आदेश की प्रति इन् अधिकारियों के विभाग को भेजने की भी हिदायत दी है। आयोग के सम्मुख चित्तौड़गढ़ के नरेश ने अपील दाखिल कर शिकायत की कि जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने उनके सूचना आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की और लम्बे समय तक अर्जी को अनदेखा किया।इस पर आयोग ने अधिकारी से इस देरी का सबब पूछा और स्पष्टीकरण मांगा। मगर अधिकारी ने चार बार तलब करने के बाद भी न तो कोई जवाब दिया न ही खुद हाजिर हुए। इस मामले की सुनवाई के दौरान सूचना आयुक्त नारायण बारेठ ने अधिकारी के इस रुख पर नाराजगी जाहिर की और पांच हजार रूपये की शास्ति आरोपित करने का आदेश दिया। इस मामले में आवेदक नरेश ने चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग से खाद्य सुरक्षा अधिकारी के दुकान -फैक्ट्रियो के निरीक्षण के बारे में जानकारी मांगी थी। लेकिन विभाग ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब आयोग ने विभाग को निर्देश दिया है कि एक पखवाड़े में आवेदक को वांछित सूचना मुहैया करवाए।आयोग ने अपने इस आदेश की जानकारी विभाग को देने का भी निर्देश दिया है। आयोग ने कोटा जिले में देवली मांझी सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के चिकित्सा अधिकारी पर पांच हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। कोटा के एक नागरिक आशित ने चिकित्सा अधिकारी से उस क्षेत्र में प्रैक्टिस कर रहे निजी चिकित्सकों के बारे में सूचना मांगी थी। आयोग ने अधिकारी को कई बार अपना पक्ष रखने का मौका दिया पर अधिकारी ने इसकी उपेक्षा की।

## तत्परता और संवेदनशीलता के साथ काम करे पुलिस पीड़ित को हर हाल में न्याय दिलाना हो उद्देश्य : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और अपराधों की प्रभावी रोकथाम राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधिकारी इस दिशा में पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ काम करें। पुलिस का प्रयास हो कि किसी भी अपराध में कम से कम समय में गहनता से तफ्तीश हो और अपराधी को सजा एवं पीड़ित को जल्द से जल्द से न्याय मिले। पुलिस अपना काम बिना किसी दबाव के निष्पक्षता और सकारात्मक सोच के साथ करे। गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीसी के माध्यम से गृह विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस की कार्यशैली को आधुनिक, पब्लिक फ्रेंडली एवं प्रो-एक्टिव बनाने के उद्देश्य से थानों में स्वागत कक्ष, महिला अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी अनुसंधान के लिए हर जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद का सृजन, अनिवार्य एफआईआर रजिस्ट्रेशन, जघन्य अपराधों के लिए अलग इकाई का गठन, महिला एवं बाल डेस्क का संचालन, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, महिला शक्ति आत्मरक्षा केंद्र जैसे नवाचार किए गए हैं। इनका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। पुलिस अधिकारी इन नवाचारों का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर कानून-व्यवस्था को और मजबूत




करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला अपराधों के प्रति विशेष कदम उठाने का परिणाम है कि राज्य में पॉक्सो एक्ट एवं महिला अत्याचार के प्रकरणों के निस्तारण में लगने वाला औसत समय काफी कम हो गया है। दुष्कर्म के मामलों में अनुसंधान समय वर्ष 2018 में 211 दिन था जो वर्ष 2021 में घटकर 86 दिन रह गया है। साथ ही जिलों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित स्पेशल इंवेस्टिगेशन यूनिट के कारण महिला अत्याचार के लंबित केसों की संख्या 12.5 प्रतिशत से घटकर 9.3 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि इसे और कम किया जाए, ताकि पीड़ित को जल्द से जल्द न्याय मिले। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों को लेकर कोई लापरवाही नहीं हो। पुलिस घटना स्थल पर तत्काल पहुंचे ताकि साक्ष्य जुटाने में आसानी हो और प्रकरण के अनुसंधान को गति मिल सके। गहलोत ने इस पर संतोष व्यक्त किया कि महिला अपराधों पर प्रभावी रोकथाम की दिशा में कार्य करते हुए पुलिस ने वर्ष 2021 में पॉक्सो एक्ट के 510 प्रकरणों में अपराधियों को सजा दिलवाई है, जिनमें से 4 प्रकरणों में मृत्यु-दण्ड तथा 35 प्रकरणों में आजीवन कारावास की सजा मिली है। कोटखावदा, पिलानी, कांकरोली, पादूकलां, सवाई माधोपुर जैसे कई प्रकरणों में तो रिकॉर्ड समय में अनुसंधान पूरा करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ?से मामलों में अभियोजन अधिकारियों के समन्वय से इस समय को और कम करे। गहलोत ने कहा कि यह संतोषजनक है कि प्रदेश में अनिवार्य एफआईआर रजिस्ट्रेशन की नीति के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। वर्ष 2018 में दुष्कर्म के 30 प्रतिशत से अधिक मामले कोर्ट के इस्तगासे के माध्यम से दर्ज होते थे, इनकी संख्या घटकर अब 16 प्रतिशत रह जाना यह बताता है कि हमारी नीति सफल रही है। गहलोत ने कहा कि अनिवार्य एफआईआर की नीति से महिलाओं सहित कमजोर वर्गों का थाने तक पहुंचने का हौसला बढ़ा है, जिससे अपराधियों में भी खौफ पैदा हुआ है।

उन्होंने निर्देश दिए पुलिस अधिकारी अपराधों के पंजीकरण की संख्या में वृद्धि की परवाह किए बिना इस नीति की पालना करें, क्योंकि हमारा अंतिम उद्देश्य पीड़ित को न्याय दिलाना और निर्दोष के हितों की रक्षा करना है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो का भी मानना है कि दर्ज अपराधों की संख्या में वृद्धि का अभिप्राय यह नहीं लगाया जाना चाहिए कि अपराध भी बढ़े हैं। अपराध के आंकड़ों में वृद्धि राज्य में जन केन्द्रित योजनाओं एवं नीतियों के परिणाम स्वरूप हो सकती है।